## कार्यालय: प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय इसराना (पानीपत)

**आवश्यक सूचना**

यादि क्रमांक: GCI/26/110

दिनांक: 27.08.2026

**विषय:- महिंद्रा प्राइड क्लासरूम- अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु सूचना।**

महाविद्यालय की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि Naandi Foundation द्वारा Mahindra & Mahindra Group की CSR पहल - Mahindra Pride Classroom (MPC) के अंतर्गत निःशुल्क Employability एवं Domain Skills Training Programme आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को उनके व्यक्तित्व विकास, रोजगार क्षमता, संचार कौशल एवं उद्योग-आधारित तकनीकी कौशल को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि वे अपने करियर में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। इस प्रशिक्षण के लिए छात्राओं से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

पंजीकरण / सहभागिता :- इस कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन हेतु 35 से 40 छात्राओं के पंजीकरण की अनिवार्यता होगी। इच्छुक छात्राएँ इस अवसर का लाभ उठाने के लिए अपना नाम श्री नसीब, सहायक प्राध्यापक के पास दर्ज कराएँ। इस प्रशिक्षण की अवधि एक सप्ताह की होगी व प्रशिक्षण में 5 से 6 घंटे की दैनिक अवधि शामिल होगी। प्रशिक्षण की तिथियाँ जल्द ही सूचित की जाएंगी।

सभी छात्राएं इस अवसर का लाभ उठाएँ और अपने करियर की नई शुरुआत करें!

"कौशल बढ़ाएँ - आत्मविश्वास बढ़ाएँ - करियर बनाएँ"

संयोजक
प्लेसमेंट सेल

संयोजक 27/08/26
IQAC

प्राचार्य 27/8/26
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
इसराना (पानीपत)